RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई- पाठशाला

कक्षा - 12th | राजनीतिक विज्ञान

समकालीन दक्षिण एशिया

IMPORTANT QUESTIONS

RAPID REVISION

LIVE | 08 OCT | 6:30 PM




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. यूरोपीय संघ की स्थापना कब हुई?

(Model Paper-2024)



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


2. यूरोपीय संघ की मुद्रा है— (RBSE-2023)

अ रुपया

ब रूबल

स यूरो

द डॉलर



यूरोपीय मुद्रा


Jan 2002

12 सदस्य देश

इलाहाबाद

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



12 वां


3. यूरोपीय संघ को नोबेल शांति पुरस्कार किस वर्ष मिला? (Model Paper-2026)

अ 2010

ब 2012


स 2014


द 2008



4. यूरोपीय आर्थिक समुदाय का गठन किस वर्ष हुआ?

EEC






(अ) 1948 ✗

(ब) 1951 ✗

(स) 1957

(द) 1992 ✗



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


5. शांगैन संधि किस वर्ष हुई?

अ 1979

ब 1985

स 1990

द 1993



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER




6. नई मुद्रा 'यूरो' को 12 सदस्य देशों ने कब अपनाया?

अ 1992

ब 1993

स 2002

द 2009



7. 2013 में यूरोपीय संघ का 28वाँ सदस्य कौन बना?

अ रोमानिया

ब बुल्गारिया

स क्रोएशिया

द स्लोवेनिया


8. यूरोपीय संघ का कौन-सा सदस्य सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य है?

अ फ्रांस


ब जर्मनी

स डेनमार्क

द स्वीडन



9. आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना कब हुई? (RBSE-2024)





अ 1991

ब 1992

स 1993

द 1994






10. आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र व्यवस्था कब लागू हुई? (Model Paper-2025)

अ 1967

ब 2010 ✓

स 2020

द 2024


11. आसियान की स्थापना कितने देशों ने मिलकर की थी?
अ तीन
ब पाँच
स आठ
द दस

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


12. आसियान के प्रतीक-चिह्न में धान की कितनी बालियाँ हैं?

अ पाँच

ब आठ

स दस

द बारह




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

राजनीति

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

13. आसियान समुदाय बनाने की दिशा में तीन स्तम्भों की घोषणा किस वर्ष हुई?



अ 1967


ब 1994

स 2003

द 2010

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



14. आसियान की कार्यशैली में किसका सम्मान विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है?



(अ) सैन्य गठबंधन →


(ब) राष्ट्रीय सार्वभौमिकता

(स) परमाणु नीति ✗

(द) एकसमान मुद्रा →

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



15. किसने 'खुले द्वार की नीति' अपनाई?

(Model Paper-2025)

अ दक्षिण कोरिया

ब चीन

स जापान

द अमेरिका

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


16. आधुनिकीकरण के चार प्रस्ताव किसने रखे?

अ माओ

ब चाऊ एनलाई

स देंग श्याओपेंग

द हू



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


17. चीन में खेती का निजीकरण कब किया गया?

अ 1972

ब 1978

स 1982

द 1998




RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

18. चीन में उद्योगों का निजीकरण कब किया गया?

अ 1982



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

19. चीन विश्व व्यापार संगठन में कब शामिल हुआ?

अ 1998

ब 1999

स 2001

द 2003

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


20. भारत और चीन के बीच युद्ध किस वर्ष हुआ?

अ 1950


ब 1962

स 1976

द 1981



21. भारत और चीन के बीच कूटनीतिक संबंधों में सुधार किस वर्ष के बाद शुरू हुआ?



अ 1962

ब 1976

स 1981

द 1992

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


22. सीमा विवादों को दूर करने के लिए वार्ताओं की श्रृंखला कब शुरू हुई?

अ 1972

ब 1976

स 1981

द 1988



23. भारत-चीन संबंधों को सुधारने में राजीव गांधी की चीन यात्रा किस वर्ष हुई?



अ 1981

ब 1988

स 1992

द 1999

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

24. 1999 से भारत और चीन के बीच व्यापार लगभग कितनी वार्षिक दर से बढ़ा?

अ 10 प्रतिशत

ब 20 प्रतिशत

✓ स 30 प्रतिशत

द 40 प्रतिशत

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

mg missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER


25. 'हान नदी पर चमत्कार' किस देश से संबंधित है?
(Model Paper-2025)

अ दक्षिण कोरिया

ब उत्तरी कोरिया

स जापान

द अफ्रीका



1960 – 1980

आर्थिक विकास दर ↑

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

26. जापान आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन का सदस्य कब बना?

अ 1951

ब 1964 → OECD

स 1991

द 1996

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

27. जापान संयुक्त राष्ट्रसंघ के बजट में कितना योगदान करता है?

अ 1 प्रतिशत

ब 5 प्रतिशत

स 10 प्रतिशत

द 18 प्रतिशत

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

28. दक्षिण कोरिया OECD का सदस्य कब बना?

अ 1964

ब 1991

स 1996

द 2017



रिक्त स्थान

1. मार्शल योजना के तहत 1948 में _____ की स्थापना की गई।

2. अप्रैल 1951 में छह देशों ने _____ और इस्पात समुदाय का गठन किया।



3. जून 1979 में यूरोपीय संसद के लिए पहला प्रत्यक्ष चुनाव हुआ।



4. दिसंबर 2009 में _____ संधि लागू हुई।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

5. 2016 के ब्रिटिश जनमत संग्रह में _____ प्रतिशत मतदाताओं ने यूरोपीय संघ से बाहर होने का फैसला किया।



6. आसियान के प्रतीक-चिह्न की दस धान की बालियाँ 10 देशों को इंगित करती हैं।



7. 2003 में आसियान ने _____ स्तम्भों के आधार पर आसियान समुदाय बनाने की दिशा में कदम उठाए।



8. आसियान ने निवेश, श्रम और सेवाओं के मामले में _____ व्यापार क्षेत्र बनाने पर ध्यान दिया है।



9. 1949 में माओ के नेतृत्व में चीन में _____ क्रांति हुई। (RBSE-2026)



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

10. विदेशी निवेशकों के लिए चीन ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों का निर्माण किया।

SEZ



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

11. प्रारंभिक राज्य-नियंत्रित दौर में चीन की अर्थव्यवस्था लगभग _____ से _____ प्रतिशत की दर से बढ़ी।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

12. आजादी के तत्काल बाद _____ में चीन ने तिब्बत को अपने नियंत्रण में लिया।



13. भारत और चीन ने व्यापार के लिए सीमा पर _____ पोस्ट खोलने के समझौते किए।



14. 1992 में भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार लगभग _____ डॉलर था।



15. 2017 में भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर _____ हो गया।



16. वैश्विक धरातल पर भारत और चीन ने _____ जैसे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठन में समान नीतियाँ अपनाई हैं।

17. प्राकृतिक संसाधन कम होने के कारण जापान ज्यादातर _____ का आयात करता है।



18. जापान का अमेरिका के साथ सुरक्षा-गठबंधन _____ से है।



19. जापान का सैन्य व्यय उसके सकल घरेलू उत्पाद का केवल _____ प्रतिशत है।



20. दोनों कोरिया _____ सितंबर 1991 को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बने।



21. कोरियाई प्रायद्वीप को _____ समानांतर के साथ-साथ विभाजित किया गया था।



RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. यूरोपीय संघ की विदेश और रक्षा क्षमता सीमित क्यों है? (RBSE-2025)

उत्तर: क्योंकि सदस्य देशों की अपनी अलग-अलग विदेश और रक्षा नीतियाँ हैं।

2. यूरोपी092F संघ के झंडे के 12 सितारे किसका प्रतीक हैं? (Model Paper-2026)

उत्तर: पूर्णता, समग्रता, एकता और यूरोपीय लोगों के मेल-मिलाप के।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. अधिराष्ट्रीय संगठन के रूप में यूरोपीय संघ किन मामलों में दखल देने में सक्षम है?



उत्तर: आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक मामलों में।

4. साझी मुद्रा 'यूरो' को किन दो देशों ने मानने का प्रतिरोध किया?

उत्तर: डेनमार्क और स्वीडन।

5. आसियान के किन्हीं चार सदस्य देशों के नाम लिखिए। (RBSE-2023)

उत्तर: इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड।

6. भारत की लुक ईस्ट और एक्ट ईस्ट नीति के अंतर्गत कौन-से देश आते हैं? (RBSE-2023)

उत्तर: आसियान देश, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया।


7. आसियान की स्थापना कब और किस घोषणा द्वारा हुई? **(RBSE-2025)**

उत्तर: 1967 में बैंकॉक घोषणा द्वारा।

8. ‘आसियान शैली’ क्या है? (RBSE-2026)

उत्तर: अनौपचारिक, टकरावरहित और सहयोगात्मक मेल-मिलाप की कार्यशैली।

9. आसियान की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य क्या था? (Model Paper-2026)



उत्तर: आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास तथा क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देना।

10. आसियान आर्थिक समुदाय का प्रमुख उद्देश्य क्या है?



उत्तर: आसियान देशों का साझा बाजार और उत्पादन आधार तैयार करना।

11. आसियान सुरक्षा समुदाय किस सहमति पर आधारित है?



उत्तर: क्षेत्रीय विवादों को सैनिक टकराव तक न ले जाने की सहमति पर।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

12. बाद में आसियान में शामिल पाँच देशों के नाम लिखिए।



उत्तर: ब्रुनेई दारुस्सलाम, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

13. चीन ने 'शॉक थेरेपी' के स्थान पर कौन-सा मार्ग अपनाया?

उत्तर: अर्थव्यवस्था को चरणबद्ध ढंग से खोलने का मार्ग।

14. विशेष आर्थिक क्षेत्रों का प्रमुख उद्देश्य क्या था?

उत्तर: विदेशी निवेशकों को अपने उद्यम स्थापित करने की सुविधा देना।

15. आजादी के बाद भारत-चीन मित्रता का लोकप्रिय नारा क्या था?

उत्तर: 'हिंदी-चीनी भाई-भाई'।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

16. दोनों देशों ने सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए किस प्रकार के उपाय किए?



उत्तर: टकराव टालने, शांति और यथास्थिति बनाए रखने के उपाय।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

17. जापान की सैन्य नीति में संविधान का अनुच्छेद 9 क्या घोषित करता है?



उत्तर: युद्ध तथा अंतर्राष्ट्रीय विवादों में बल-प्रयोग या धमकी का त्याग।

18. कोरियाई युद्ध किस अवधि में हुआ?



उत्तर: 1950-53।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. मार्शल योजना से क्या तात्पर्य है? (RBSE-2024)

उत्तर:

1. युद्धोत्तर सहायता- दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका ने यूरोप की अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन में मदद की।
2. मार्शल योजना- इसी अमेरिकी सहायता कार्यक्रम को मार्शल योजना कहा गया।
3. 1948- इसके तहत यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना की गई।
4. आर्थिक सहायता- संगठन के माध्यम से पश्चिमी यूरोप के देशों को आर्थिक मदद दी गई।
5. आपसी सहयोग- इससे व्यापार और आर्थिक मामलों में यूरोपीय देशों का सहयोग बढ़ा।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

2. यूरोपीय संघ की आर्थिक शक्ति की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर:

1. सकल घरेलू उत्पादन — वर्ष 2024 में इसका अनुमानित GDP लगभग 19.35 खरब डॉलर था।
2. यूरो — इसकी मुद्रा अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती दे सकती है।
3. विश्व व्यापार — इसकी हिस्सेदारी अमेरिका से लगभग तीन गुनी ज्यादा बताई गई है।
4. वैश्विक प्रभाव — इसका आर्थिक प्रभाव एशिया और अफ्रीका तक फैला है।
5. WTO — विश्व व्यापार संगठन में यह महत्त्वपूर्ण समूह के रूप में कार्य करता है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

3. यूरोपीय संघ की कूटनीतिक शक्ति का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

1. फ्रांस — सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य है।
2. अन्य सदस्य — यूरोपीय संघ के कई देश सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्य भी रहे हैं।
3. नीतिगत प्रभाव — संघ अमेरिका सहित अन्य देशों की नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।
4. कूटनीति — चीन के मामलों में यह धमकी की जगह कूटनीति, आर्थिक निवेश और बातचीत पर जोर देता है।
5. साझी नीति — साझी विदेश और सुरक्षा नीति इसके कूटनीतिक प्रभाव को मजबूत करती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

4. यूरोपीय संघ की सैनिक तथा तकनीकी शक्ति पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

उत्तर:

1. सैनिक शक्ति — यूरोपीय संघ के पास दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है।
2. रक्षा बजट — इसका कुल रक्षा बजट अमेरिका के बाद सबसे अधिक है।
3. परमाणु क्षमता — फ्रांस के पास परमाणु हथियार हैं।
4. अंतरिक्ष विज्ञान — इस क्षेत्र में यूरोपीय संघ का विश्व में दूसरा स्थान है।
5. संचार प्रौद्योगिकी — संचार तकनीक में भी संघ अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थिति रखता है।

5 ‘आसियान शैली’ की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर:

1. अनौपचारिक कार्यशैली।
2. टकरावरहित संबंधों पर जोर।
3. सहयोगात्मक मेल-मिलाप।
4. राष्ट्रीय सार्वभौमिकता का सम्मान।
5. संवाद और परामर्श को प्राथमिकता।

6. भारत और आसियान के आर्थिक संबंधों के प्रमुख बिंदु लिखिए।

उत्तर:

1. 1991 — भारत ने लुक ईस्ट नीति अपनाई।
2. 2014 — भारत ने एक्ट ईस्ट नीति अपनाई।
3. मुक्त व्यापार समझौते — मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड के साथ समझौते किए।
4. 2010 — आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र व्यवस्था लागू हुई।
5. परिणाम — पूर्वी एशियाई देशों के साथ भारत के आर्थिक संबंध बढ़े।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

7. चीन में कृषि के निजीकरण से क्या लाभ हुए?

(RBSE-2023)

उत्तर:

1. कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।
2. ग्रामीण आय बढ़ी।
3. निजी बचत का परिमाण बढ़ा।
4. ग्रामीण उद्योगों की संख्या तेजी से बढ़ी।

8. भारत-चीन सहयोग के दो बिंदु लिखिए।

(Model Paper-2024)

उत्तर:

1. व्यापार — दोनों देशों के बीच व्यापार तेजी से बढ़ा।
2. सांस्कृतिक सहयोग — सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला।

9. भारत-चीन के बीच 1962 के युद्ध के दो कारण बताइए। (RBSE-2026)

उत्तर:

1. तिब्बत और सीमा संबंधी तनाव — 1950 में चीन द्वारा तिब्बत पर नियंत्रण और सीमा पर बस्तियाँ बनाने से संबंध बिगड़े।
2. क्षेत्रीय दावे — अरुणाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों तथा लद्दाख के अक्साई-चिन पर दोनों देशों के प्रतिस्पर्धी दावे थे।

10. दक्षिण कोरिया के आर्थिक उत्थान का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

उत्तर:

1. 1960–1980 के दशकों में तेजी से आर्थिक विकास हुआ।
2. इस विकास को 'हान नदी पर चमत्कार' कहा गया।
3. 1996 में दक्षिण कोरिया OECD का सदस्य बना।
4. 2017 में उसकी अर्थव्यवस्था विश्व की ग्यारहवीं सबसे बड़ी थी।
5. सैमसंग, एलजी और हुंडई जैसे ब्रांड उसकी आर्थिक क्षमता को दर्शाते हैं।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

1. यूरोपीय संघ की कूटनीतिक शक्ति का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

1. फ्रांस — सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य है।
2. अन्य सदस्य — यूरोपीय संघ के कई देश सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्य रहे हैं।
3. नीतिगत प्रभाव — संघ अमेरिका सहित अन्य देशों की नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।
4. कूटनीति — चीन के मामलों में यह धमकी की जगह कूटनीति, आर्थिक निवेश और बातचीत पर जोर देता है।
5. साझी नीति — साझी विदेश और सुरक्षा नीति इसके कूटनीतिक प्रभाव को मजबूत करती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

2. यूरोपीय संघ किस प्रकार एक विशाल राष्ट्र-राज्य जैसा कार्य करता है?

(RBSE-2026)

उत्तर—

लंबे समय में यूरोपीय संघ आर्थिक सहयोग की व्यवस्था से आगे बढ़कर काफी हद तक राजनीतिक स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

मुख्य बिंदु:

1. अपना झंडा — यूरोपीय संघ का विशिष्ट झंडा है।
2. अपना गान — इसका अपना गान है।
3. स्थापना-दिवस — संघ का अपना स्थापना-दिवस है।
4. साझी मुद्रा — इसकी मुद्रा यूरो है।

5. विदेश नीति — इसने काफी हद तक साझी विदेश नीति विकसित की है।
6. सुरक्षा नीति — साझी सुरक्षा नीति भी विकसित हुई है।
7. यूरोपीय संसद — इसकी संस्थाएँ इसे राजनीतिक स्वरूप प्रदान करती हैं।
8. सामूहिक प्रभाव — आर्थिक और कूटनीतिक मामलों में यह एक संयुक्त शक्ति की तरह कार्य करता है।

3. यूरोपीय एकता के छह प्रमुख पड़ाव लिखिए।

उत्तर:

1. 1951 — यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय का गठन।
2. 1957 — यूरोपीय आर्थिक समुदाय का गठन।
3. 1979 — यूरोपीय संसद का पहला प्रत्यक्ष चुनाव।
4. 1985 — शांगैन संधि।
5. 1992 — यूरोपीय संघ के गठन के लिए मास्ट्रिख्ट संधि पर हस्ताक्षर।
6. 2002 — 12 सदस्य देशों द्वारा यूरो को अपनाया गया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

4. यूरोपीय संघ की शक्ति की सीमाओं को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—

यूरोपीय संघ आर्थिक और कूटनीतिक दृष्टि से शक्तिशाली है, लेकिन उसके सदस्य देशों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद उसकी सामूहिक क्षमता को सीमित करते हैं।

मुख्य बिंदु:

1. स्वतंत्र विदेश नीतियाँ — सदस्य देशों की अपनी विदेश नीतियाँ हैं।
2. रक्षा नीति में अंतर — रक्षा मामलों पर सभी देशों का समान दृष्टिकोण नहीं है।
3. इराक युद्ध — ब्रिटेन अमेरिकी हमले के साथ था, जबकि फ्रांस और जर्मनी विरोधी थे।

4. यूरो पर मतभेद — साझी मुद्रा को सभी देशों ने समान रूप से स्वीकार नहीं किया।
5. डेनमार्क और स्वीडन — दोनों ने यूरो का प्रतिरोध किया।
6. सदस्यता विस्तार — नए सदस्यों को शामिल करने पर भी असहमति रही।
7. सामूहिक निर्णय — इन मतभेदों से विदेश एवं रक्षा मामलों में सामूहिक निर्णय क्षमता सीमित होती है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

5. आसियान की संक्षिप्त उपलब्धियाँ बताते हुए इसकी प्रासंगिकता पर विचार प्रकट कीजिए। (RBSE-2025)

उत्तर —

आसियान दक्षिण-पूर्व एशिया का एक प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन है जिसने आर्थिक सहयोग के साथ-साथ शांति, सुरक्षा और संवाद को भी बढ़ावा दिया।

मुख्य बिंदु:

1. आर्थिक सहयोग — सदस्य देशों में आर्थिक संबंध मजबूत किए।
2. क्षेत्रीय शांति — शांति और स्थायित्व को बढ़ावा दिया।
3. आसियान शैली — सहयोगात्मक और टकरावरहित कार्यप्रणाली विकसित की।
4. तीन स्तम्भ — 2003 में आसियान समुदाय की दिशा में कदम बढ़ाया।

5. ARF — सुरक्षा और विदेश नीति संवाद का मंच प्रदान किया।
6. संवाद नीति — टकराव की जगह बातचीत को प्राथमिकता दी।
7. आर्थिक आकर्षण — भारत और चीन जैसे देशों के साथ व्यापार और निवेश ने इसकी प्रासंगिकता बढ़ाई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

6. आसियान विजन-2020 की मुख्य बातें बताइए।

(RBSE-2026)

उत्तर:

1. बहिर्मुखी भूमिका — अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में सक्रिय भूमिका पर जोर।
2. संवाद — टकराव की जगह बातचीत को प्राथमिकता।
3. शांतिपूर्ण समाधान — क्षेत्रीय विवादों को बातचीत से हल करने का प्रयास।
4. कंबोडिया — टकराव समाप्त करने में संवाद का प्रयोग।
5. पूर्वी तिमोर — संकट को संभालने में भूमिका।
6. पूर्वी एशियाई सहयोग — 1999 से नियमित वार्षिक बैठकों को बढ़ावा।
7. अंतर्राष्ट्रीय प्रासंगिकता — आसियान को अधिक सक्रिय क्षेत्रीय संगठन बनाना।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

7. आसियान समुदाय के तीन स्तम्भों का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

1. 2003 — तीन स्तम्भों वाले आसियान समुदाय की दिशा में कदम उठाया गया।
2. आसियान सुरक्षा समुदाय — विवादों को सैनिक टकराव तक न ले जाने पर आधारित।
3. शांति एवं संप्रभुता — शांति, सहयोग और अहस्तक्षेप पर जोर।
4. आसियान आर्थिक समुदाय — साझा बाजार और उत्पादन आधार विकसित करना।
5. आर्थिक विकास — क्षेत्रीय सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।

6. आसियान सामाजिक-सांस्कृतिक समुदाय — सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग का आधार।
7. व्यापक सहयोग — इन स्तम्भों ने संगठन का दायरा आर्थिक क्षेत्र से आगे बढ़ाया।

8. चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए क्या प्रयास किए?

(RBSE-2025)

उत्तर:

1. 1972 — अमेरिका से संबंध बनाकर राजनीतिक, आर्थिक एकांतवास कम किया।
2. 1978 — आर्थिक सुधार और खुले द्वार की नीति अपनाई।
3. चरणबद्ध सुधार — शॉक थेरेपी की जगह क्रमिक सुधार किए।
4. 1982 — खेती का निजीकरण।
5. 1998 — उद्योगों का निजीकरण।
6. SEZ — विदेशी निवेश के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाए।
7. विदेशी पूँजी — निवेश और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दिया।
8. 2001 — विश्व व्यापार संगठन में शामिल हुआ।

निबंधात्मक प्रश्न

1. **दूसरे विश्वयुद्ध के बाद यूरोपीय एकीकरण से यूरोपीय संघ की स्थापना तक की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।**

उत्तर —

दूसरे विश्वयुद्ध ने यूरोप की अर्थव्यवस्थाओं और पुरानी राजनीतिक व्यवस्थाओं को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद यूरोपीय देशों ने संघर्ष के स्थान पर सहयोग और एकीकरण का रास्ता अपनाया।

1. युद्धोत्तर पुनर्गठन
   - अमेरिका ने यूरोप के पुनर्निर्माण के लिए मार्शल योजना के माध्यम से सहायता दी।
   - 1948 में यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन बना।

2. राजनीतिक एवं आर्थिक सहयोग
   - 1949 में यूरोपीय परिषद् का गठन हुआ।
   - 1951 में यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय बना।
   - 1957 में यूरोपीय आर्थिक समुदाय गठित हुआ।
3. राजनीतिक स्वरूप
   - यूरोपीय संसद के गठन से एकीकरण प्रक्रिया ने राजनीतिक स्वरूप ग्रहण किया।
   - 1979 में संसद का पहला प्रत्यक्ष चुनाव हुआ।
4. यूरोपीय संघ की स्थापना
   - 1992 में मास्ट्रिख्ट संधि पर हस्ताक्षर हुए।
   - इसी प्रक्रिया की परिणति यूरोपीय संघ की स्थापना के रूप में हुई।

5. आगे का एकीकरण

- साझी विदेश और सुरक्षा नीति विकसित हुई।
- आंतरिक मामलों और न्याय में सहयोग बढ़ा।
- 2002 में साझा मुद्रा यूरो अपनाई गई।

2. क्षेत्रीय संगठनों को बनाने का उद्देश्य क्या है? 'आसियान' संगठन की स्थापना एवं 'आसियान विजन 2020' की मुख्य बातें क्या हैं, बताइए।

(Model Paper-2023)

उत्तर —

क्षेत्रीय संगठन सदस्य देशों की साझा समस्याओं का सामूहिक समाधान खोजने तथा शांति, विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाए जाते हैं।

1. क्षेत्रीय संगठनों के उद्देश्य
   - आर्थिक विकास बढ़ाना।
   - सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देना।
   - क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व स्थापित करना।

2. आसियान की स्थापना
   - 1967 में बैंकॉक घोषणा के माध्यम से स्थापना हुई।
   - संस्थापक देश — इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड।
   - बाद में पाँच और देश जुड़ने से सदस्य संख्या दस हुई।
3. आसियान की कार्यशैली
   - संवाद और सहयोग।
   - राष्ट्रीय सार्वभौमिकता का सम्मान।
   - अहस्तक्षेप और टकरावरहित संबंध।

4. आसियान विजन-2020

- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में बहिर्मुखी भूमिका।
- टकराव के बजाय बातचीत।
- क्षेत्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान।
- पूर्वी एशियाई सहयोग को बढ़ावा।

निष्कर्ष:

आसियान ने क्षेत्रीय आर्थिक विकास के साथ संवाद और शांति को अपनी प्रमुख शक्ति बनाया।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

3. आसियान की स्थापना से लेकर एक प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन बनने तक की प्रक्रिया समझाइए।

उत्तर —

आसियान की शुरुआत आर्थिक और सामाजिक सहयोग से हुई, पर समय के साथ यह एक व्यापक क्षेत्रीय राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा मंच बन गया।

मुख्य विकास:

- 1967 — पाँच देशों ने आसियान की स्थापना की।
- बाद में सदस्य संख्या बढ़कर दस हुई।
- आर्थिक और सामाजिक विकास पर प्रारंभिक जोर दिया गया।
- आसियान शैली के माध्यम से टकरावरहित सहयोग विकसित हुआ।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

- 1994 — आसियान क्षेत्रीय मंच स्थापित हुआ।
- 2003 — तीन स्तम्भों वाला आसियान समुदाय विकसित करने की दिशा अपनाई गई।
- साझा बाजार और मुक्त व्यापार की दिशा में आर्थिक सहयोग बढ़ा।
- विजन-2020 ने इसकी अंतर्राष्ट्रीय भूमिका को व्यापक बनाया।
- विश्व शक्तियों के साथ संवाद ने इसकी क्षेत्रीय प्रासंगिकता बढ़ाई।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

4. भारत और आसियान के संबंधों के विकास का वर्णन कीजिए।

उत्तर:

- शुरुआती वर्षों में भारतीय विदेश नीति ने आसियान पर अधिक ध्यान नहीं दिया।
- 1991 में भारत ने लुक ईस्ट नीति अपनाई।
- इससे पूर्वी एशियाई देशों के साथ आर्थिक संबंध बढ़े।
- भारत ने मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए।
- 2010 में आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र व्यवस्था लागू हुई।
- 2014 से भारत ने एक्ट ईस्ट नीति अपनाई।
- आसियान की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने भारत के लिए इसका महत्त्व बढ़ाया।
- निरंतर संवाद और परामर्श ने दोनों पक्षों के संबंध मजबूत किए।
- भारत-आसियान संबंध क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बने।

5. चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन कीजिए।

उत्तर —

1949 के बाद चीन ने राज्य-नियंत्रित अर्थव्यवस्था से शुरुआत की, लेकिन बाद में चरणबद्ध आर्थिक सुधारों और खुले द्वार की नीति के माध्यम से विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों में स्थान बनाया।

1. प्रारंभिक आर्थिक मॉडल
   - सोवियत मॉडल अपनाया।
   - बड़े उद्योग सरकारी नियंत्रण में विकसित किए।
   - खेती से पूँजी निकालकर उद्योगों पर जोर दिया।
   - शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का विस्तार किया।

2. पुराने मॉडल की समस्याएँ
   - औद्योगिक उत्पादन धीमा था।
   - विदेश व्यापार बहुत कम था।
   - प्रति व्यक्ति आय कम थी।
3. नीतिगत परिवर्तन
   - 1972 में अमेरिका से संबंध बनाए।
   - 1973 में चार आधुनिकीकरण प्रस्ताव रखे गए।
   - 1978 में खुले द्वार की नीति और आर्थिक सुधार शुरू हुए।

4. चरणबद्ध निजीकरण
   - 1982 में खेती का निजीकरण।
   - 1998 में उद्योगों का निजीकरण।
5. विशेष आर्थिक क्षेत्र
   - विदेशी निवेश के लिए SEZ बनाए।
   - विदेश व्यापार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा।
6. वैश्विक जुड़ाव
   - 2001 में चीन WTO में शामिल हुआ।
   - विश्व अर्थव्यवस्था के साथ उसका जुड़ाव और गहरा हुआ।

6. वैकल्पिक शक्ति केन्द्र के रूप में जापान प्रभावकारी है। तथ्यों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए। (Model Paper-2023)

उत्तर —

प्राकृतिक संसाधनों की कमी के बावजूद जापान ने आर्थिक, तकनीकी और संस्थागत शक्ति के आधार पर विश्व राजनीति में महत्त्वपूर्ण स्थान बनाया है।

आर्थिक शक्ति

- उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों के लिए प्रसिद्ध।
- 2017 में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था।
- 1964 से OECD का सदस्य।

वैश्विक संस्थागत भूमिका

- एशिया में G-7 का एकमात्र सदस्य।
- संयुक्त राष्ट्र बजट में 10 प्रतिशत योगदान।
- अंशदान के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा देश।

सुरक्षा स्थिति

- 1951 से अमेरिका के साथ सुरक्षा-गठबंधन।
- संविधान का अनुच्छेद 9 युद्ध के त्याग पर आधारित।
- सैन्य व्यय GDP का केवल 1 प्रतिशत होने पर भी वैश्विक सैन्य व्यय में ऊँचा स्थान।

7. जापान और दक्षिण कोरिया को एशिया के समकालीन शक्ति-केन्द्रों के रूप में स्पष्ट कीजिए।

उत्तर —

भूमिका:

जापान और दक्षिण कोरिया दोनों ने आर्थिक, तकनीकी तथा संस्थागत विकास के आधार पर एशिया में महत्त्वपूर्ण शक्ति-केन्द्र के रूप में स्थान बनाया है।

जापान

- उच्च प्रौद्योगिकी में विश्व प्रसिद्ध।
- 2017 में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

- OECD और G-7 में महत्त्वपूर्ण स्थान।
- संयुक्त राष्ट्र बजट में बड़ा आर्थिक योगदान।

दक्षिण कोरिया

- तेज विकास को 'हान नदी पर चमत्कार' कहा गया।
- 1996 में OECD का सदस्य बना।
- भूमि सुधार, मानव संसाधन विकास और निर्यात उन्मुखीकरण से प्रगति की।
- सैमसंग, एलजी और हुंडई जैसे वैश्विक ब्रांड विकसित किए।
- उच्च मानव विकास उसकी संस्थागत क्षमता को दर्शाता है।